# टनल हुई टनाटन!

## सीप्ज टू मरोल खुदाई हुई पूरी

कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज के बीच मुंबई में ३३.५ किमी लंबा मेट्रो का भूमिगत मार्ग तैयार किया जा रहा है। मेट्रो-३ कॉरिडोर के मार्ग पर कुल २६ स्टेशनों का निर्माण कार्य भी चल रहा है। स्टेशन निर्माण के लिए महानगर के कई स्थानों पर खुदाई की गई है। भूमिगत मेट्रो के लिए जमीन से करीब १५ से २० मीटर नीचे तक खुदाई की गई है। मुंबई की पहली भूमिगत मेट्रो के लिए करीब ८५ प्रतिशत टनल निर्माण का काम पूरा कर लिया गया है। २६ मेट्रो स्टेशनों का निर्माण कार्य तीव्रगति से चल रहा है।

## पैकेज-७ का काम हुआ पूरा

### स्टेशनों के विकास काम का पहला चरण (बीकेसी टू सीप्ज)

एमएमआरसीएल से प्राप्त मेट्रो स्टेशनों के विकास की ताजा आंकड़ों को देखें तो पहले चरण के तहत आनेवाले मेट्रो स्टेशनों में सीप्ज स्टेशनों के काम ६७ फीसदी, एमआईडीसी स्टेशन ७८ फीसदी, मरोल नाका- ६९, छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट टी-२ - ५६ फीसदी, सहार रोड- ५८ फीसदी, छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट टी-१ - सांताक्रुज स्टेशन ६३ फीसदी, विद्यानगरी ५८ फीसदी, बीकेसी- ४८ फीसदी काम पूरा हो चुका है।

मुंबई में विभिन्न मेट्रो रेल परियोजना का काम काफी तेजगति से आगे बढ़ रहा है। इन्हीं मेट्रो परियोजनाओं में से एक अंडरग्राउंड मेट्रो-३ परियोजना मुंबई की बहुप्रतीक्षित मेट्रो परियोजनाओं में से एक है। अंडरग्राउंड मेट्रो का पहला चरण बीकेसी से सीप्ज के बीच है। दिसंबर, २०२१ में मेट्रो परिचालन की शुरुआत करने की योजना सरकार की है, ऐसे में पहले चरण का काम काफी फास्ट हो रहा है। पहले चरण के अंतर्गत पैकेज-७ में किए जा रहे टनल निर्माण का काम सीप्ज से मरोल के बीच १०० फीसदी पूरा हो चुका है।

इंफ्रा-चेक

● सुजीत गुप्ता

मेट्रो-३ परियोजना के पहले चरण के तहत बीकेसी से सीप्ज के बीच काफी तेजगति से मेट्रो का काम चल रहा है। पहले चरण का काम पैकेज-५ (बीकेसी, विद्यानगरी, सांताक्रुज), पैकेज-६ ( छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट टी-२, सहार रोड, छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट टी-१) और पैकेज-७ (सीप्ज, एमआईडीसी, मरोल नाका के अंतर्गत किया जा रहा है।)

### दूसरा चरण (बीकेसी टू कफपरेड)

धारावी स्टेशन -४८ फीसदी, शीतलादेवी- २१ फीसदी, दादर- ३७ फीसदी, सिद्धिविनायक- ६७ फीसदी, वरली-३८ फीसदी, आचार्य अत्रे- १४ फीसदी, साइंस म्यूजियम- ५७ फीसदी, महालक्ष्मी- २८ फीसदी, मुंबई सेंट्रल- ४० फीसदी, ग्रांट रोड- १८ फीसदी, गिरगांव- कालबादेवी ७.५ फीसदी, सीएसएमटी- ६४ फीसदी, हुतात्मा चौक- ५६ फीसदी, चर्चगेट- ५५ फीसदी, विधान भवन - ७३ फीसदी, कफपरेड- ५७ फीसदी स्टेशन का काम पूरा हो चुका है।

### टनल निर्माण की स्थिति

अंडरग्राउंड मेट्रो के पहला चरण का काम तीन पैकेजों में किया जा रहा है। ये पैकेज, पैकेज-५, पैकेज-६ और पैकेज-७ है, जो कि (बीकेसी टू सीप्ज) के बीच है।

**पैकेज-७:** सीप्ज, एमआईडीसी, मरोल नाका के टनल निर्माण का काम १०० फीसदी पूरा हुआ।

**पैकेज-६:** छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट टी-२, सहार रोड, छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट टी-१ का टनल निर्माण ७८ फीसदी पूरा हो चुका है।

**पैकेज-५:** (बीकेसी, विद्यानगरी, सांताक्रुज का टनल निर्माण ९६ फीसदी पूरा हो चुका है।)

**अंडरग्राउंड मेट्रो के दूसरे चरण का काम ४ पैकेजों में किया जा रहा है। ये पैकेज एक से चार तक है।**

### दूसरा चरण टनल निर्माण (बीकेसी टू कफपरेड)

**पैकेज-१:** हुतात्मा चौक, चर्चगेट, विधान भवन, कफपरेड) ७६ फीसदी टनल निर्माण पूरा।

**पैकेज-२:** ग्रांट रोड, गिरगांव, कालबादेवी, सीएसएमटी का टनल निर्माण ९९.९ फीसदी पूरा।

**पैकेज-३:** वरली, आचार्य अत्रे, साइंस म्यूजियम, महालक्ष्मी, मुंबई सेंट्रल का टनल निर्माण ५१ फीसदी पूरा हो चुका है।

**पैकेज-४:** शीतलादेवी, दादर, सिद्धिविनायक का निर्माण ८४ फीसदी टनल निर्माण पूरा हो चुका है।